National Cyber Security Centre
a part of GCHQ

Australian Government
Australian Signals Directorate

ASD AUSTRALIAN SIGNALS DIRECTORATE
ACSC Australian Cyber Security Centre

BND

Bundesamt für Verfassungsschutz

Communications Security Establishment
Canadian Centre for Cyber Security

Centre de la sécurité des télécommunications
Centre canadien pour la cybersécurité

National Cyber Security Centre
PART OF THE GCSB

परामर्श-सूचना

BADBAZAAR और MOONSHINE तकनीकी विश्लेषण और मिटिगेशन्स

9 अप्रैल 2025

BADBAZAAR और MOONSHINE तकनीकी विश्लेषण और मिटिगेशन्स

सारांश

यूके साइबर लीग के समर्थन से यह परामर्श-सूचना राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र (एनसीएससी यूके) और निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है:

- **ऑस्ट्रेलियन साइबर सिक्योरिटी सेंटर (एसीएससी), जो ऑस्ट्रेलियन सिग्नल्स डायरेक्टोरेट का हिस्सा है**
- **कैनेडियन सेंटर फॉर साइबर सिक्योरिटी, जो संचार सुरक्षा प्रतिष्ठान का हिस्सा है**
- **जर्मन संघीय खुफिया सेवा**
- **जर्मन संविधान संरक्षण संघीय कार्यालय**
- **न्यू ज़ीलैंड नैशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर, जो सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो का हिस्सा है**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका नैशनल सिक्योरिटी एजेंसी**

यह परामर्श-सूचना BADBAZAAR और MOONSHINE के नाम से जाने जाने वाले स्पाइवेयर के दो प्रकारों पर नए और एकत्रित खतरे के बारे में खुफिया जानकारी प्रदान करती है, और इसमें ऐप स्टोर ऑपरेटर्स, डेवलपर्स और सोशल मीडिया कंपनियों को अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रखने में सहायता देने के लिए परामर्श-सूचना शामिल है।

यह परामर्श-सूचना इन मैलवेयर द्वारा लक्षित लोगों के लिए एक परामर्श-सूचना के समानांतर प्रकाशित की जा रही है।

यह दस्तावेज़ एनसीएससी शब्दावली के अनुसार स्पाइवेयर की परिभाषा का उपयोग करता है: "उपयोगकर्ता की सहमति के बिना डिवाइस पर इंस्टॉल होने वाले मैलवेयर का एक प्रकार, जो डेटा एकत्र करता है और फिर इसे किसी तीसरे पक्ष को भेजता है।"

मामला अध्ययन एक: MOONSHINE

MOONSHINE एक एंड्रॉयड स्पाइवेयर है जिसके बारे में 2019 में सिटीज़न लैब द्वारा तिब्बती समूहों को लक्षित करने के रूप में रिपोर्ट की गई थी। MOONSHINE इंस्टॉल किए जाने के उद्देश्य से शिकारों को लुभाने के लिए इसे एक वैध ऐप के रूप में पेश करती है। इसे टेलीग्राम चैनलों और व्हॉट्सएप से भेजे गए लिंक्स के माध्यम से साझा किया गया है।

एनसीएससी का अनुसंधान MOONSHINE के बारे में निम्नलिखित इंगित करता है:

- MOONSHINE एक मैनेजमेंट इंटरफेस का उपयोग करता है, जिसमें पहली बार रिपोर्ट किए जाने के बाद से परिवर्तन हुए हैं।
- मैनेजमेंट इंटरफेस व्यापक निगरानी क्षमताओं को प्रकट करता है, जिसमें डिवाइसेज़ से फाइलों को निकालने के साथ-साथ लाइव ऑडियो और स्क्रीन रिकॉर्डिंग्स को कैप्चर करने की क्षमता भी शामिल है।
- वर्चुअल तरीके से होस्ट किए गए MOONSHINE मैंजमेंट इंटरफेसेज़ का एक सेट पाया गया है। इन इंटरफेसेज़ में यूपीएसईसी से जुड़े लॉगिन पैनल के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का ओवरलैप है, जिसका संदर्भ इंटेलिजेंस ऑनलाइन के अनुसार 'सिचुआन डाएन्क नेटवर्क सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी को. लि.' से है।

मैनेजमेंट इंटरफेस

MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस की पिछली रिपोर्टिंग इंगित करती है कि इसमें बदलाव हुए हैं, जो लगातार रूप से किए जा रहे विकास का सुझाव देता है।

इस मैनेजमेंट इंटरफेस का सबसे पहला उदाहरण सिटिज़न लैब की 2019 रिपोर्टिंग में देखने को मिलता है।



चित्र 1: MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेसेज़, जिन्हें सिटीजन लैब की 2019 रिपोर्ट 'मिसिंग लिंक तिब्बतेन ग्रुप्स टार्गेट विद 1-क्लिक मोबाइल एक्सप्लॉइट्स' में देखा गया है।

2022 की शुरुआत में Lookout ने एक अलग मैनेजमेंट इंटरफेस की सूचना दी, जिसे निम्नानुसार दिखने के लिए फिर से डिज़ाइन किया गया था (चित्र 1 में पूर्व इंटरफेसेज़ के स्थान पर):



चित्र 2: MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस, जैसे Lookout की यह 2022 रिपोर्ट 'MOONSHINE: इवॉल्विंग एंड्रॉयड सर्विलांसवेयर बाय चाइनीज़ एपीटी पॉइज़न कार्प टु टार्गेट टिबटेन्स एंड उइगर्स' में देखा गया है।

अगस्त 2023 में, MOONSHINE कमान और नियंत्रण (C2) के एक स्कैन ने 2022 इंटरफेस के समान एक अन्य इंटरफेस का खुलासा किया, जिसमें अब 'फॉर्गेट पासवर्ड' फंक्शन उपलब्ध नहीं है, जैसेकि चित्र 2 में दिखाया गया है:



चित्र 3: अगस्त 2023 में देखा गया MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस, जिसमें अब 'फॉर्गेट पासवर्ड' प्रॉम्प्ट नहीं है।

मैनेजमेंट इंटरफेस की आगे की जांच में पैनल के अंदर सामग्री दिखाई दी, जिससे पता चला कि भंग किए गए डिवाइसेज़ का विवरण कैसे स्टोर किया जाएगा।



चित्र 4: MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस के लॉगिन पृष्ठ के पीछे वेबपेज।

Lookout के अनुसंधान ने लक्षित व्यक्ति के डिवाइस से MOONSHINE के C2 सर्वर्स तक एक **'स्कोर'** भेजा जाना प्रदर्शित किया। इस 'स्कोर' का वैल्यू लक्षित व्यक्ति के डिवाइस पर दुर्भावनापूर्ण नमूने की पर्मिशन्स पर आधारित है।

पेज के अंदर के कॉलम 'if_contact', 'if_location', 'if_call_log' और 'if_sms' यह सुझाव देते हैं कि MOONSHINE के सभी नमूनों के पास भंग किए गए डिवाइसेज़ की संपूर्ण एक्सेस नहीं है। इन कॉलम्स का खुलासा व डिवाइस से C2 को भेजे गए 'स्कोर' से पता चलता है कि जो व्यक्ति-विशेष मैनेजमेंट इंटरफेस को एक्सेस रहे हैं, हमलावर उन व्यक्ति-विशेषों के स्कोर के उपयोग से भंग किए गए डिवाइस में मैलवेयर की एक्सेस का स्तर संचरित कर रहे हैं।

आम तौर पर ऐप्स द्वारा डिवाइसेज़ से जानकारी एकत्र किए जाने की रोकथाम के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रथा सलाह यह है कि ऐप को डाउनलोड करने से पहले किसी भी असामान्य बात के लिए ऐप की पर्मिशन्स का निरीक्षण किया जाए। चूंकि MOONSHINE के नमूने ऐप की फंक्शनैलिटी के लिए प्रासंगिक पर्मिशन्स की तलाश करते हैं, इसलिए वे असंदिग्ध दिखाई दे सकते हैं, लेकिन वे इन पर्मिशन्स का उपयोग करके डिवाइसेज़ से जानकारी भी एकत्र करते हैं।

MOONSHINE में एक एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) भी है, जो इसकी क्षमताओं की व्यापकता का खुलासा करता है। एपीआई प्रलेखन के शुरुआती संस्करणों में मंदारिन में एपीआई नेम्स शामिल थे।

वर्चुअल होस्ट्स

MOONSHINE पैनलों की खोजों में वर्चुअली होस्ट किए गए इंस्टैंसेज़ पाए गए। जब एक आईपी एड्रेस साथ में कई वेबसाइटों को होस्ट कर सकता है, तो यह वर्चुअल होस्टिंग होती है। इन वर्चुअली होस्ट किए गए इंस्टैंसेज़ के आईपी एड्रेसेज़ और होस्ट किए गए डोमेन्स को किसी भी ज्ञात मैलवेयर नमूनों में नहीं देखा गया था।

मैनेजमेंट इंटरफेस के ये इंस्टैंसेज़ अलग-अलग थे, क्योंकि पेजों का शीर्षक पहले देखे गए '**SCOTCH ADMIN**' के बजाय '**LOGIN**' था।



चित्र 5: 'SCOTCH ADMIN' के बजाय 'LOGIN' शीर्षक का उपयोग करने वाला MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस।

इसके अलावा, पैनल में शामिल सामग्री भी चित्र 4 से अलग है, जैसा कि चित्र 6 में प्रदर्शित है:

चित्र *6:* वर्चुअली होस्ट किए गए *MOONSHINE* मैनेजमेंट इंटरफेस के लॉगिन पृष्ठ के पीछे वेबपेज।

चित्र 4 में दिखाए गए पैनल की तुलना में चित्र 6 में प्रदर्शित पैनल एक स्ट्रिप्ड-डाउन संस्करण प्रतीत होता है। पैनलों में ओवरलैप करने वाली विशेषताएं हैं – तालिका में कॉलम्स के नाम 'id', 'manufacturer' और 'model'।

वर्चुअली होस्ट किए गए MOONSHINE इंस्टैंसेज़, जिन्हें पाया गया था, वे हैं:

डोमेन	आईपी एड्रेस
vsa.ahamar[.]com	194.71.107[.]160
gates.chatonlineapp[.]com	172.67.208[.]167
www.onlineweixin[.]net	103.254.108[.]108
www.weetogether[.]top	103.254.108[.]108
www.onlinewxapp[.]net	103.43.18[.]43

www.unusualtransaction[.]com	2.58.15[.]101
m.leak-news[.]com	103.56.17[.]194
www.unusualtransaction[.]com	46.246.98[.]209
www.lodepot[.]com	62.72.58[.]168
www.online-wechat[.]com	103.254.108[.]87

इन डोमेन्स को ट्रेंड माइक्रो द्वारा MOONSHINE एक्सप्लॉयट किट्स के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जो मोबाइल डिवाइसेज़ पर मैलवेयर इंस्टॉल करने के लिए ब्राउज़र की कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए जिम्मेदार है। ट्रेंड माइक्रो ने इस मैलवेयर को 'डार्क निंबस' नाम दिया है।

स्पष्टीकरण के लिए, MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेसेज़ वे होते हैं जो MOONSHINE मैलवेयर नमूने के साथ संचार करते हैं और जिनके पास लक्षित व्यक्ति के डेटा को बाहर निकाला जाता है। ट्रेंड माइक्रो द्वारा रिपोर्ट किए गए MOONSHINE एक्सप्लॉयट किट्स एक अलग क्षमता होते हैं, जो मोबाइल डिवाइसेज़ पर डार्क निंबस नाम के मैलवेयर को इंस्टॉल करने के लिए ब्राउज़र की कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। इसके अलावा, डार्क निंबस व MOONSHINE पूरी तरह से अलग-अलग मैलवेयर हैं।

MOONSHINE मैनेजमेंट इंटरफेस और MOONSHINE एक्सप्लॉयट किट्स, इन दोनों के बीच कोड ओवरलैप होता है इसलिए चित्र 3 और 5 में लॉगिन प्रॉम्प्ट्स और साथ ही चित्र 4 और 6 में पेज की सामग्री भी एक-समान है। इन दोनों के सोर्स कोड में 'webpackJsonpreact-scotchui' स्ट्रिंग भी शामिल है।

हमलावरों ने यूआरएल लिंक जेनरेट किए जो MOONSHINE एक्सप्लॉयटेशन किट से कनेक्ट करके फिर तिब्बतियों और उइगरों से संबंधित वीडियो पर रिडायरेक्ट हो गए। यह MOONSHINE के लक्ष्यीकरण के साथ ओवरलैप में है।

MOONSHINE एक्सप्लॉयट किट डोमेन को होस्ट करने वाले कई आईपी एड्रेसेज़ में पोर्ट 444 पर 'VLiteUI' शीर्षक का एक लॉगिन पेज है। इस पेज को व्यापक रूप से नहीं देखा गया है और इन आईपी पर इसकी उपस्थिति हमलावरों के परिचालन के लिए एक संभावित लिंक की ओर इंगित करती है।



चित्र 7: HTML शीर्षक 'VLiteUI' वाला लॉगिन पैनल ऐसे आईपी में भी देखा गया, जो MOONSHINE एक्सप्लॉयट किट्स को होस्ट कर रहे थे।

ट्रेंड माइक्रो द्वारा डार्क निंबस के विश्लेषण से पता चला कि यह मैलवेयर डिवाइस में मौजूद विस्तृत जानकारी एकत्र कर सकता है, और यह एक्सएमपीपी प्रोटोकॉल का उपयोग करके C2 के साथ संचार करता है।

ट्रेंड माइक्रो इस बात को रेखांकित भी करता है कि डार्क निंबस के कुछ संस्करणों में उन्होंने 'डीकेएनएस' स्ट्रिंग की व्यापक पहचान की।

'**ansec[.]com**' (ट्रेंड माइक्रो द्वारा डार्क निंबस C2 के रूप में सूचीबद्ध) को ऐसे अन्य आईपी एड्रेसेज़ के लिए एक्सएमपीपी सेवाओं में भी देखा गया था, जिनमें डीकेएनएस शीर्षक वाले वेब पेज थे:

- DKNS Android远程取证系统 (DKNS Android Remote Forensic System)
- DKNS云网侦控平台 (DKNS Cloud Network Investigation and Control Platform)
- DKNS 云网侦控平台 (DKNS Cloud Network Investigation and Control Platform)
- DKNS远程控制侦查系统 (DKNS Remote Control Investigation System)

आईपी एड्रेसेज़ के एक अन्य सेट में एक्सएमपीपी सेवाओं में '**ansec[.]com**' के साथ निम्नलिखित शीर्षकों वाले वेब पेज शामिल थे:

- UPSEC互联网控制指挥系统 (UPSEC Internet Control Command System)
- UPSEC无线侦控系统 (UPSEC Wireless Surveillance and Control System)
- UPSEC重点人数据还原系统 (UPSEC Key Person Data Restoration System)

इंटेलिजेंस ऑनलाइन के अनुसार एचटीएमएल पेजों के शीर्षकों में देखे गए 'यूपीएसईसी' का संदर्भ 'सिचुआन डाएन्क नेटवर्क सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी को. लि.' से है।

मामला अध्ययन दो: BADBAZAAR

BADBAZAAR एक मोबाइल मैलवेयर है, जिसके आईओएस और एंड्रॉयड वेरिएंट्स मौजूद हैं। इसने उइगर, तिब्बतियों और ताइवान के व्यक्ति-विशेषों को लक्षित किया है। इस स्पाइवेयर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और आधिकारिक ऐप स्टोर्स के माध्यम से फैलाया गया है। Volexity की हालिया रिपोर्टिंग में BADBAZAAR के विभिन्न स्वरूपों को दिखाया गया है, जिन्हें BadSolar, BADBAZAAR और BadSignal के रूप में अलग-अलग किया गया है। ये सभी तीन वेरिएंट्स डिवाइस और ऑपरेटर के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए उपयोग किए जाने वाले ओवरलैपिंग फंक्शन्स के माध्यम से एक-साथ जुड़े हुए हैं।

एनसीएससी द्वारा BADBAZAAR के बारे में अनुसंधान से निम्नलिखित का पता चला:

- क्लस्टरिंग C2 डोमेन्स आगे के डोमेन लिंक्स प्रकट करते हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से खतरे की खुफिया जानकारी में रिपोर्ट किया गया है।
- C2 सर्वर्स और मैलवेयर नमूने हमलावर के इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े होस्टनेम्स प्रकट करते हैं।
- हमलावरों द्वारा सोशल इंजीनियरिंग के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य प्रोफाइलें, ताकि वे अपने मैलवेयर को आधिकारिक ऐप स्टोर्स से परे फैला सकें।

WHOIS क्लस्टरिंग / डोमेन ब्रोकर

'UJYJYUJ'

BADBAZAAR डोमेन '**signalplus[.]org**' के WHOIS रिकॉर्ड्स विश्लेषण (ESET की रिपोर्ट) में '**State**' फील्ड में वैल्यू '**UJYJYUJ**' दिखाई गई है।

समान वैल्यू वाले अन्य डोमेन्स की खोज से निम्नलिखित रुचिकर डोमेन्स का पता चलता है:

- thetubeplus[.]com
- tubevideoplus[.]org
- pmumail[.]com
- signalplus[.]org

(परिशिष्ट A, चित्र 1 देखें)

signalplus[.]org, **tubevideoplus[.]org** और **thetubeplus[.]com** – इन तीन डोमेन्स को BADBAZAAR के C2 डोमेन्स के रूप में, जबकि ESET सब डोमेन **mail.pmumail[.]com** को एक FlyGram प्रॉक्सी सर्वर के रूप में सूचित किया जाता है। FlyGram दुर्भावनापूर्ण साइबर अपराधियों द्वारा विकसित एक BADBAZAAR ऐप है (अन्य BADBAZAAR ऐप्स की सूची के लिए परिशिष्ट देखें)।

कीबोर्ड वॉकिंग वैल्यूज़

एनसीएससी ने अन्य पंजीकृत BADBAZAAR C2 डोमेन्स में भी इसी तरह के कीबोर्ड वॉकिंग पैटर्न देखे हैं।

उदाहरण के लिए, निम्नलिखित सभी डोमेन्स में '**State**' फील्ड में वैल्यू '**REWR**' देखी गई है (जैसे कि पहले उपयोग किया गया था):

- yumoftion[.]com
- fvbyavgyea[.]com
- jkiohreh[.]com
- pmstwocqn[.]com

(परिशिष्ट A, चित्र 2 देखें)

state फील्ड में 'FSDF' वैल्यू वाले डोमेन्स

BADBAZAAR C2 डोमेन्स के '**State**' फील्ड में '**FSDF**' वैल्यू वाला एक अन्य सेट:

- tryhrwserf[.]com
- tibetone[.]org
- comeflxyr[.]com

(परिशिष्ट A, चित्र 3 देखें)

कीबोर्ड वॉकिंग मानों की ऐतिहासिक रिपोर्टिंग

BADBAZAAR डोमेन्स के WHOIS रिकॉर्ड में कीबोर्ड वॉकिंग वैल्यू के उपयोग को TA413 द्वारा तिब्बती संगठनों के ऐतिहासिक रूप से रिपोर्ट किए गए लक्ष्यीकरण में भी देखा जा सकता है। रिकॉर्डेड फ्यूचर ने तिब्बती संगठनों की स्पूफिंग करने वाले हमलावर-नियंत्रित डोमेन्स और रजिस्ट्रेंट संगठन के लिए **"asfasf"** वैल्यू का उपयोग देखा है।

clublogs[.]com

Lookout द्वारा प्राप्त BADBAZAAR के नमूनों में C2 डोमेन के रूप में '**xle.clublogs[.]com**' का उपयोग शामिल था। रूट डोमेन '**clublogs[.]com**' को आईपी एड्रेस '**95.179.210[.]85**' पर होस्ट किया गया था और इसमें एक SSL सर्टिफिकेट शामिल था, जिसमें subject और issuer की वैल्यू '**CN=WIN-50QO3EIRQVP**' थी। यह वैल्यू BADBAZAAR के नमूनों में पाए गए SSL सर्टिफिकेट्स से मेल खाती है, जो संचार में अवरोध से बचने के लिए SSL पिनिंग का उपयोग करते हैं।

आईपी एड्रेस **95.179.210[.]85** की होस्टिंग हिस्ट्री निम्नलिखित रुचिकर डोमेन्स रिटर्न करती है:

- actuallys[.]com
- bre.myloughborough[.]com
- rewrwer[.]com
- www.voiceoftibet[.]net
- clublogs[.]com

(परिशिष्ट A, चित्र 4 देखें)

www.voiceoftibet[.]net

डोमेन '**www.voiceoftibet[.]net**' 'वॉयस ऑफ तिब्बत' रेडियो स्टेशन के रूप में प्रतीत होता है, जोकि TA413 द्वारा इस्तेमाल किए गए TTP के समान है।

डोमेन '**rewrwer[.]com**' अतीत में पहचाने गई 'state' वैल्यू '**REWR**' के समान है, जिसे BADBAZAAR डोमेन्स के WHOIS रिकॉर्ड में पाया गया था।

ये सभी डोमेन्स - '**clublogs[.]com**', '**rewrwer[.]com**', '**voiceoftibet[.]net**' और '**myloughborough[.]com**' ईमेल एड्रेस '**tplutalova@list[.]ru**' के साथ पंजीकृत थे।

actuallys[.]com

'**actuallys[.]com**' के WHOIS रिकॉर्ड ने एक इंस्टैंस प्रदर्शित किया जहां टेक और एड्मिन के ईमेल एड्रेसेज़ '**tplutalova@list[.]ru**' थे, किंतु रजिस्ट्रेंट की ईमेल '**ivan_s81@mail[.]ru**' थी।

डोमेन '**actuallys[.]com**' की ऐतिहासिक WHOIS जानकारी ने रजिस्ट्रेंट ईमेल के रूप में '**wangminghua6@gmail[.]com**' का खुलासा, जिसे 24 फरवरी 2016 को सूचीबद्ध किया गया। बाद में 11 मार्च 2016 को ईमेल को '**ivan_s81@mail.ru**' में बदल दिया गया था, किंतु रजिस्ट्रार की रजिस्ट्रेंट समाप्ति तिथि वही बनी रही।

wangminghua6@gmail[.]com

ईमेल एड्रेस '**wangminghua6@gmail[.]com**' का उपयोग ऐतिहासिक खतरे की खुफिया रिपोर्टिंग में पाए जाने वाले डोमेन्स के पंजीकरण के लिए किया गया था। 2015 में पालो ऑल्टो ने मैलवेयर Cmstar के C2 डोमेन्स पंजीकृत करने के लिए उपयोग की जाने वाली ईमेल की पहचान की. 2014 में इसका उपयोग APT3 द्वारा आयोजित फ़िशिंग अभियानों में Mandiant द्वारा पहचाने गए डोमेन्स को पंजीकृत करने के लिए भी किया गया था। 2013 में इसे CrowdStrike द्वारा खोजे गए डोमेन्स को मैलवेयर ड्रॉपर में एक प्रोग्राम डेटाबेस (पीडीबी) पथ के साथ रजिस्टर करने के लिए इस्तेमाल किया गया था, जिसमें चीनी अक्षर शामिल थे। इससे किसी चीनी सिस्टम पर कंपाइलेशन किए जाने का सुझाव मिलता है।

taoyujun@gmail[.]com

डोमेन '**hcjbtt[.]com**' ईमेल एड्रेस '**taoyujun@gmail[.]com**' के साथ पंजीकृत है, लेकिन इसकी एडमिनिस्ट्रेटर ईमेल '**wangminghua6@gmail[.]com**' के रूप में पंजीकृत है।

डोमेन '**hcjbtt[.]com**' के साथ कोई भी दुर्भाविनापूर्ण गतिविधि नहीं जुड़ी हुई है, किंतु ईमेल एड्रेस '**taoyujun@gmail[.]com**' को ऐतिहासिक खतरे की खुफिया रिपोर्टों में पाया गया था। 2014 में इसका उपयोग जापानी संगठनों के लक्ष्यीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले '**Cueisfry Trojan**' नमूनों में Mandiant द्वारा पाए गए एक डोमेन के पंजीकरण के लिए किया गया था।

इस ईमेल एड्रेस के साथ '**iaea-international[.]org**' जैसे डोमेन्स भी पंजीकृत थे, जो **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी** का प्रतिरूपण करता है और '**idc-ctbto[.]org**' व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि संगठन (सीटीबीटीओ) के **अंतर्राष्ट्रीय आंकड़ा केन्द्र** का प्रतिरूपण करता है।

डोमेन '**iaea-international[.]org**' के पूर्व Whois रिकॉर्ड ने रजिस्ट्रेंट ईमेल '**wangminghua6@gmail[.]com**' प्रदर्शित हुई।

udtglobals[.]com

डोमेन '**udtglobals[.]com**' में एडमिनिस्ट्रेटर ईमेल के रूप में

'**wangminghua6@gmail[.]com**' का उपयोग और रजिस्ट्रेंट ईमेल एड्रेस के रूप में '**ocean.nio@rediffmail[.]com**' का उपयोग देखा गया था। इस डोमेन के अन्य WHOIS रिकॉर्ड्स में वही रजिस्ट्रेंट ईमेल दिखाई दी, किंतु एडमिनिस्ट्रेटर ईमेल एड्रेस के रूप में '**taoyujun@gmail[.]com**' दिखाई दी।

'**udtglobals[.]com**' को '**यूडीटी ग्लोबल**' का प्रतिरूपण करते हुए पाया गया, जोकि समुद्र के नीचे रक्षा और सुरक्षा कंपनियों का एक वैश्विक आयोजन है। ईमेल एड्रेस में '**ocean.nio**' उपयोगकर्ता का मौजूद होना **राष्ट्रीय समुद्र-विज्ञान संस्थान (एनआईओ)** का प्रतिरूपण करते हुए हो सकता है, जो कई देशों में उपस्थित है। किंतु '**रेडिफ**' ईमेल सेवा का प्रयोग (जोकि भारत में आधारित है) भारत के **राष्ट्रीय समुद्र-विज्ञान संस्थान** के प्रतिरूपण का सुझाव दे सकता है।

Djibdiplomatie[.]com

डोमेन '**djibdiplomatie[.]com**' जिबूती की राजनीति सेवाओं का प्रतिरूपण प्रतीत होता है, जिसका WHOIS रिकॉर्ड '**utdglobals[.]com**' के समान था। एक रिकॉर्ड में रजिस्ट्रेंट के रूप में '**ocean.nio@rediffmail[.]com**' और एडमिन के रूप में '**taoyujun@gmail[.]com**' दिखाई दिया, जबकि अन्य रिकॉर्ड्स में एडमिन ईमेल पते के रूप में '**wangminghua6@gmail[.]com**' और रजिस्ट्रेंट ईमेल पते के रूप में '**ocean.nio@rediffmail[.]com**' दिखाई दिया।

इन दोनों डोमेन्स के WHOIS रिकॉर्ड्स में कीबोर्ड वॉकिंग टाइप वैल्यूज़ भी थीं। उदाहरण के लिए, '**udtglobals[.]com**' के रजिस्ट्रेंट शहर की वैल्यू '**ASDF**' है और '**djibdiplomatie[.]com**' के रजिस्ट्रेंट नेम की वैल्यू '**DAF DAGF**' है। यह BADBAZAAR के अन्य डोमेन्स में देखी गई वैल्यूज़ के बराबर तुलनात्मक है।

हालांकि WHOIS रिकॉर्ड्स में ईमेल पतों '**wangminghua6@gmail[.]com**' और '**taoyujun@gmail[.]com**' को एक वैश्विक समुद्र के नीचे रक्षा आयोजन, जिबूती राजनीति सेवाओं और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के डोमेन्स के रूप में पाया जाता है, किंतु ये अनेक गैर-दुर्भावनापूर्ण डोमेन्स के WHOIS रिकॉर्ड में भी हैं।

प्रतिरूपण करने वाले डोमेन्स और गैर-दुर्भाविनापूर्ण डोमेन्स का मिश्रण दुर्भाविनापूर्ण साइबर अपराधियों के परिचालनों को समर्थन देने के लिए उपयोग की जाने वाली इंफ्रास्ट्रक्चर-खरीद इकाई के मौजूद होने का सुझाव दे सकता है।

ईमेल पता '**ocean.nio@rediffmail[.]com**' केवल ऊपर वर्णित प्रतिरूपण करने वाले डोमेन में पाया जाता है। '**ivan_s81@mail[.]ru**' और '**tplutalova@list[.]ru**' ने क्रमशः बहुत कम संख्या में डोमेन्स पंजीकृत किए हैं, और इनमें से कुछ डोमेन्स BADBAZAAR के इंफ्रास्ट्रक्चर पर होस्ट किए गए हैं। ऐसा माना जाता है कि ये तीन ईमेल पते दुर्भाविनापूर्ण साइबर अपराधियों के परिचालनों से अधिक निकटता से जुड़े हुए हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ईमेल पतों '**wangminghua6@gmail**' और '**taoyujun@gmail[.]com**' की तुलना में इन तीन ईमेल पतों से जुड़े डोमेन्स को कहीं अधिक संख्या में दुर्भाविनापूर्ण गतिविधियों से लिंक किया गया है।

(परिशिष्ट A, चित्र 5 देखें)

अन्य हमलावरों के लिंक्स

BADBAZAAR से जुड़े इन डोमेन्स '**actuallys[.]com**', '**clublogs[.]com**', '**myloughborough[.]com**', '**rewrwer[.]com**', और '**voiceoftibet[.]net**' की एक और सामान्य विशेषता यह है कि वे सभी eNom के साथ पंजीकृत थे और वे '**255.255.255[.]254**' पर 'पार्क' किए गए थे।

एनसीएससी द्वारा अतीत में की गई जांचों के बाद इन विशेषताओं वाले अन्य डोमेन्स के लिए 2019 में **APT5** तथा 2009 और 2011 के बीच **APT14** से जुड़ी गतिविधि का खुलासा हुआ।

APT5 से जुड़े डोमेन्स में ऐसे ऐतिहासिक WHOIS रिकॉर्ड थे, जिनमें रजिस्ट्रेंट ईमेल पते के रूप में '**taoyujun@gmail[.]com**' सूचीबद्ध था।

APT14 से जुड़े डोमेन्स में तीन-अक्षर वाले सबडोमेन्स थे, जो उनके दुर्भाविनापूर्ण परिचालनों के इच्छित लक्ष्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतीत होते थे। इसका एक उदाहरण '**bae.cisconline[.]net**' है, जिससे बीएई सिस्टम्स को लक्षित करने के इरादे का सुझाव मिला और इसे '**पॉइज़न आइवी**' के एक नमूने में पाया गया।

इसी तरह की एक अन्य विशेषता BADBAZAAR डोमेन्स में भी देखी जाती है, जहां सबडोमेन्स ट्रोज़नाइज़्ड ऐप के नाम से संबंधित हैं:

एप्लिकेशन का शीर्षक	C2 यूआरएल
Muslim Pro	**mpp**.pmstwocqn[.]com
Video Player for Android	**vpf**.titeperformance[.]com
Batter Master	**bat**.androidupdated[.]net
Radio Afghanistan	**afg**.collinformations[.]com
EN-UG Dictionary Free	**eud**.titeperformance[.]com
Disk Video Recovery	**dvr**.collinformations[.]com
TextNow	**ttn**.titeperformance[.]com

इस बात का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि APT5 और APT14 से संबंधित गतिविधियाँ ऐतिहासिक थीं और eNom के साथ पंजीकृत तथा '**255.255.255.254**' से जुड़े अन्य डोमेन्स भी मौजूद थे, जिन्हें दुर्भावनापूर्ण गतिविधि से नहीं जोड़ा जा सकता है। इसलिए यह सुनिश्चित नहीं है कि इन अभियानों के पीछे वही हमलावर हैं या वे उन्हीं हमलावरों से संबंधित हैं।

मशीनों के नाम

BADBAZAAR के C2 और नमूनों के विश्लेषण से एसएसएल सर्टिफिकेट्स में 'Common Name' वैल्यू के रूप में उपयोग किए जाने वाले होस्टनेम्स का पता चला। BADBAZAAR के नमूनों और इंफ्रास्ट्रक्चर में देखे गए होस्टनेम्स की एनसीएससी जांच से पता चला है कि इन होस्टनेम्स का उपयोग एक से अधिक आईपी एड्रेसेज़ में किया जाता है। ये आईपी एड्रेसेज़ BADBAZAAR के नमूनों में पाए जाने वाले डोमेन्स को होस्ट कर रहे हैं। आगे उपलब्ध अनुभाग में होस्टनेम्स और आईपी एड्रेसेज़ के बारे में और अधिक विवरण दिया गया है, जिसमें BADBAZAAR के C2 डोमेन्स को होस्ट करने वाले होस्टनेम्स भी शामिल हैं।

लगभग सभी मामलों में होस्टनेम्स वैल्यू के साथ सर्टिफिकेट्स की उपस्थिति निर्दिष्ट दुर्भावनापूर्ण डोमेन नेम्स के लिए आईपी रिज़ॉल्यूशन के साथ ओवरलैप होती है। ऐसे कुछ उदाहरणों को रेखांकित किया गया है, जहां ऐसा नहीं था।

WIN-EU0VLBL7TUJ

होस्टनेम '**WIN-EU0VLBL7TUJ**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेसेज़ पर देखा गया, जो रुचिकर हो सकते हैं:

- '**116.203.53[.]21**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन्स '**uyapkfinder[.]com**' और '**thewestuniverse[.]com**' को होस्ट किया।

- '**95.216.169[.]27**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन्स '**adysfunction[.]com**' और सब-डोमेन '**download.apkbazar[.]biz**' को होस्ट किया, जिन्हें BADBAZAAR के एक नमूने के लिए डाउनलोड लिंक के रूप में देखा गया।

(परिशिष्ट A, चित्र 6 देखें)

WIN-70E59JVOB9G

होस्टनेम '**WIN-70E59JVOB9G**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेसेज़ का उपयोग करते हुए देखा गया, जो रुचिकर हो सकते हैं:

- '**23.88.28[.]220**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**aua.rondwsign[.]com**', '**nal.tokenmajorp[.]com**' , '**pep.rondwsign[.]com**', '**doa.rondwsign[.]com**', और '**pls.rondwsign[.]com**' को होस्ट किया। मशीन के साथ सर्टिफिकेट को अंतिम बार देखे जाने और मैलिशियस डोमेन्स को पहली बार आईपी रिज़ॉल्व करते हुए देखे जाने के बीच दो दिनों की अवधि थी।

- '**23.88.28[.]221**' ने BADBAZAAR से जुड़े सब-डोमेन '**bt.bhvghg[.]com**' को होस्ट किया।

- '**23.88.28[.]222**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन्स '**tubevideoplus[.]org**' और '**cde.mpoxcases[.]com**' को होस्ट किया।

- '**65.21.92[.]67**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**bat.androidupdated[.]net**' को होस्ट किया। इसने सब-डोमेन '**apps.androidupdated[.]net**' को भी होस्ट किया, जोकि डबल एजेंट मैलवेयर C2 है

- '**65.21.92[.]77**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**wyo.titeperformance[.]com**', '**big.collinformations[.]com**' , '**vpf.titeperformance[.]com**', '**eud.titeperformance[.]com**' और '**afg.collinformations[.]com**' को होस्ट किया।

- '**65.108.192[.]134**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**upd.whoscaller.net**' और '**ggl.whoscaller[.]net**' को होस्ट किया।

- '**142.132.131[.]15**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**bvn.lookincategory[.]com**' और '**edr.lookincategory[.]com**' को होस्ट किया। मशीन नेम के साथ सर्टिफिकेट को अंतिम बार देखे जाने और मैलिशियस डोमेन्स को पहली बार आईपी रिज़ॉल्व करते हुए देखे जाने के बीच ग्यारह दिनों की अवधि थी।

- '**142.132.131[.]20**' ने सब-डोमेन्स '**son.onlinegamersgroup[.]com**' और '**system.onlinegamersgroup[.]com**' को होस्ट किया, जिन्हें BADBAZAAR का C2 माना जाता है क्योंकि वे BADBAZAAR से जुड़े एसएसएल सर्टिफिकेट्स के आईपी पर देखे जाने के समय होस्ट किए गए थे।

- '**142.132.131[.]28**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन '**goldplusapp[.]net**' और सब-डोमेन्स '**who.goldplusapp[.]net**' और '**cgf.goldplusapp[.]net**' को होस्ट किया।

- '**162.55.103[.]211**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**oha.alpinemap[.]net**', '**aru.alpinemap[.]net**', '**aso.alpinemap[.]net**', '**afr.alpinemap[.]net**', और '**aar.alpinemap[.]net**' को होस्ट किया।

- '**162.55.103[.]212**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**pep.rondwsign[.]com**', '**ckp.jkiohreh[.]com**', '**aar.tokenmajorp[.]com**', '**nal.tokenmajorp[.]com**', '**pls.rondwsign[.]com**' और '**aua.rondwsign[.]com**' को होस्ट किया।

- '**195.154.47[.]99**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**ggl.whoscaller[.]net**' और '**upd.whoscaller.net**' को होस्ट किया। मशीन नेम के साथ सर्टिफिकेट को पहली बार देखे जाने और मैलिशियस डोमेन्स को अंतिम बार आईपी रिज़ॉल्व करते हुए देखे जाने के बीच तीन दिनों की अवधि थी।

- '**195.154.60[.]3**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**upd.whoscaller[.]net**' और '**ggl.whoscaller[.]net**' को होस्ट किया।

- '**212.83.189[.]89**' ने BADBAZAAR के C2 सब-डोमेन्स '**wyo.titeperformance[.]com**', '**eud.titeperformance[.]com**', '**vpf.titeperformance[.]com**' और '**afg.collinformations[.]com**' को होस्ट किया।

- '**212.129.21[.]168**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन्स '**fre.lookincategory[.]com**', '**tgr.lookincategory[.]com**', '**fgt.lookincategory[.]com**', '**luj.lookincategory[.]com**' और '**bvn.lookincategory[.]com**' को होस्ट किया।

(परिशिष्ट A, चित्र 7 देखें)

WIN-50QO3EIRQVP

होस्टनेम '**WIN-50QO3EIRQVP**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेसेज़ पर देखा गया, जो रुचिकर हो सकते हैं:

- '**45.76.132[.]91**' ने डोमेन्स '**yumoftion[.]com**', '**androidupdated[.]net**' को होस्ट किया। ये दोनों डोमेन्स BADBAZAAR से सब-डोमेन्स '**fow.yumoftion[.]com**' और '**bat.androidupdated[.]net**' के रूप में जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त सब-डोमन '**apps.androidupdated[.]net**' DoubleAgent का एक C2 डोमेन है। यह डोमेन '**pmstwocqn[.]com**' को भी होस्ट करता है, जोकि WHOIS रिकॉर्ड्स के अनुसार BADBAZAAR से जुड़ा हुआ है।

- '**95.179.210[.]85**' ने '**clublogs[.]com**' को होस्ट किया, जिनमें से '**xle.clublogs[.]com**' BADBAZAAR का एक C2 डोमेन है और इसने BADBAZAAR से जुड़े डोमेन्स '**bre.myloughborough[.]com**', '**img.rewrwer[.]com**', '**www.voiceoftibet[.]net**' और '**actuallys[.]com**' को भी होस्ट किया।

- '**199.247.21[.]34**' ने '**titeperformance[.]com**' और '**collinformations[.]com**' को होस्ट किया, जिनके सब-डोमेन्स BADBAZAAR के C2 डोमेन्स हैं।

- '**217.69.10[.]128**' ने BADBAZAAR C2 के डोमेन '**uyghurdict[.]com**' को होस्ट किया।

(परिशिष्ट A, चित्र 8 देखें)

WMSvc-WIN-50QO3EIRQVP

होस्टनेम '**WMSvc-WIN-50QO3EIRQVP** को निम्नलिखित आईपी एड्रेसेज़ पर देखा गया, जो रुचिकर हो सकते हैं:

- '**78.46.185[.]251**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन '**groupgram[.]org**' को होस्ट किया, जिसके बारे में Volexity ने सूचना दी है कि यह दुर्भावनापूर्ण कनेक्शन्स के लिए पोर्ट 4432 का उपयोग करता था।

- '**65.21.92[.]69**' और '**163.172.205[.]207**' ने डोमेन '**widelygram[.]org**' को होस्ट किया, जिसे BADBAZAAR का एक C2 डोमेन माना जाता है, क्योंकि जब इसे होस्ट किया जा रहा था तो पोर्ट 4432 खुला था।

- '**163.172.198[.]206**' ने डोमेन '**maxgram[.]org**' को होस्ट किया, जिसे BADBAZAAR का एक C2 डोमेन माना जाता है, क्योंकि जब इसे होस्ट किया जा रहा था तो पोर्ट 4432 खुला था।

(परिशिष्ट A, चित्र 9 देखें)

WMSvc-WIN-50QO3EIRQVP और WIN-7LSBB9R0F1L

होस्टनेम्स '**WMSvc-WIN-50QO3EIRQVP**' और '**WIN-7LSBB9R0F1L**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेसेज़ पर एक-साथ देखा गया:

- '**148.251.87[.]245**' ने BADBAZAAR के C2 डोमन्स '**flygram[.]org**' और '**groupgram[.]org**' को होस्ट किया।

(परिशिष्ट A, चित्र 10 देखें)

WIN-N8H8S9BG2P0

होस्टनेम '**WIN-N8H8S9BG2P0**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेस पर देखा गया:

- '**148.251.87[.]247**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन्स '**omarwhatsapp[.]org**' और '**flygram[.]org**' को होस्ट किया।

(परिशिष्ट A, चित्र 11 देखें)

WIN-I6VBN8MR92A

होस्टनेम '**WIN-I6VBN8MR92A**' को निम्नलिखित आईपी एड्रेस पर देखा गया:

- '**148.251.87[.]197**' ने BADBAZAAR के C2 डोमेन '**tryhrwserf[.]com**' को होस्ट किया।

(परिशिष्ट A, चित्र 12 देखें)

